# कार्यालयः— जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा

Tell. 07824-299152 Email : dlsa.bemetara@gmail.com

## //विज्ञापन//

क्र............/F.No.2A/2022 बेमेतरा दिनांक — /07/2023

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ.ग.) के अंतर्गत संचालित लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम बेमेतरा के स्थापना हेतु नालसा लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम, संशोधित स्कीम 2022 में जारी दिशानिर्देश एवं छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर पत्र क्रमांक 1730/LADCS/2023 दिनांक 26.06.2023 में दिये गये निर्देशानुसार निम्नलिखित संविदात्मक पद के लिए निर्धारित मानदेय पर नियुक्ति किये जाने हेतु भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते है :—

### —: रिक्त पदों का विवरण :—

| क्र. | रिक्त पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | आरक्षित पद | | | | | | | | | | | | अनारक्षित पद | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनुसूचित जाति | | | | अनुसूचित जनजाति | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | | सामान्य | | | |
| | | | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भूतपूर्व सैनिक | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भूतपूर्व सैनिक | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भूतपूर्व सैनिक | मुक्त | महिला | दिव्यांग | भूतपूर्व सैनिक |
| 1 | कार्यालय सहायक/क्लर्क | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | रिसेप्शनिस्ट—सह—डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (टाइपिस्ट) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | कार्यालय भृत्य (मुंशी/अटेंन्डेंट) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| | | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 |

**महत्वपूर्ण टीप :—**

1. परीक्षा/साक्षात्कार की तिथि में परिवर्तन करने का अधिकार अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा (छ.ग.) के पास सुरक्षित होगा।

### भर्ती की पात्रता एवं शर्तें :—

**(1) ऑफिस असिस्टेंट/क्लर्क पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :—**

- Educational Qualification : Graduation
- Basic word processing skills and the ability to operate computer and skills to feed data.
- Good Typing speed with proper setting of petition
- Ability to take dictation and prepare files for presentation in the Courts,
- File maintenance and processing knowledge.

**(2) रिसेप्सानिस्ट–कम–डाटा एंट्री आपरेटर पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–**

- Educational Qualification : Graduation
- Excellent verbal and written communication skills,
- Word and data processing abilities,
- The ability to work telecommunication systems (telephones, fax machines, switchboards etc),
- Proficiency with good typing speed.

**(3) ऑफिस प्यून/चपरासी पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–**

किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा संस्था से कक्षा पांचवी उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र । (आठवीं कक्षा से उच्च योग्यताधारी अभ्यर्थियों को पात्रता नहीं होगी)

## नियुक्ति व अवधि :–

उक्त पदों पर संविदात्मक नियुक्ति (Countractual Engagemnet) के रूप निश्चित/निर्धारित मानेदय पर ही की जावेगी, जिनका कार्यकाल जारी आदेश/नियुक्ति दिनांक से 01 वर्ष की अवधि के लिये संविदात्मक रूप से किया जावेगा। नियुक्त किये गये स्टाफ की उपस्थिति नियमित कार्यप्रणाली संतोषप्रद, व्यवहारिक एवं व्यवस्थित होने तथा नालसा के निर्देशानुसार कार्यकाल आगे भी बढ़ाया जा सकता है। नियुक्त किये गये कर्मचारी छ0ग0 शासन द्वारा वर्तमान में, संविदा कर्मचारियों के सेवा शर्तो के लिये निर्धारित परिपत्र/नियम/शर्तो के प्रावधानों के अधीन शासित होगें।

**महत्वपूर्ण निर्देशः–**

यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक होगी कि वे आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं तथा शर्तों को पूरा करते हैं अथवा नहीं। अतः आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र प्रस्तुत करें। परीक्षा में सम्मिलित किये जाने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि आवेदक को अंतिम रूप से अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जावेगी।

**आयु सीमा एवं पात्रता की अन्य शर्तें :–**

निम्नलिखित श्रेणी के छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में निम्नानुसार छूट रहेगी :–

01. यदि अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घोषित अनुसूचित जाति या जनजाति वर्ग का है, तो तो आयु सीमा में अधिकतम छूट 05 वर्ष तक की छूट दी जाएगी।

02. यदि अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घोषित अन्य पिछड़ा वर्ग का है, तो सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक/एफ–7–25–93/1 आ.प. दिनांक 20.01.1994 के अंतर्गत आयु सीमा में अधिकतम 05 वर्ष तक छूट दी जाएगी।

**03.** छत्तीसगढ़ शासन के स्थायी/अस्थायी/वर्कचार्ज या कान्टिजेंसी पेड कर्मचारियों तथा छत्तीसगढ़ राज्य के निगमों/मंडलों आदि के कर्मचारियों के संबंध में उच्चतम आयु सीमा 43 वर्ष तक रहेगी। यही अधिकतम आयु परियोजना क्रियांवयन समिति के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों के लिये भी स्वीकार्य होगी।

**04.** ऐसी अभ्यर्थी जो छंटनी किया गया सरकारी सेवक हो, अपनी आयु में उसके द्वारा पहले की गई संपूर्ण अस्थायी सेवा अधिक से अधिक 07 वर्ष की कालावधि, भले ही कालावधि एक से अधिक बार की गई सेवाओं का योग हो, कम करने के लिये अनुज्ञात किया जायेगा, परंतु उसके परिणामस्वरूप आयु सीमा 03 वर्ष से अधिक न हो।

**नोट :– इसके अतिरिक्त आयु सीमा छूट एवं निर्योग्यता सामान्य प्रशासन विभाग (छ.ग.) द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देश भी लागू रहेगा।**

**अन्य शर्तें –**

1. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
2. कोई पुरूष उम्मीदवार जिसकी एक से अधिक पत्नी जीवित है और कोई भी महिला उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक पत्नी जीवित हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
3. जो अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया एवं परीक्षा को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने का प्रयास करेंगे उसकी उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर तत्काल निरस्त कर दी जावेगी।
4. चयनित उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक योग्यता, निवास प्रमाण पत्र फर्जी पाये जाने की दशा में चयनित उम्मीदवार को सूचना दिये बिना उसकी सेवा समाप्त किया जाकर दाण्डिक कार्यवाही की जा सकेगी।
5. आवेदन करने की तिथि में समस्त आवश्यक प्रमाण पत्र जीवित (वैध) होना अनिवार्य है।
6. कोई भी अभ्यर्थी जिसे किसी अपराध का दोषसिद्ध ठहराया गया है वह नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
7. आवेदक को अच्छा चरित्र शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ स्वभाव का होना अनिवार्य है तथा किसी भी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक अस्वस्थता उनकी नियुक्ति हेतु अनर्हता होगी।
8. उक्त पदों के अभ्यर्थियों के लिए आयु संबंधी प्रमाण पत्र के लिए कक्षा 5 वीं/8वीं/10वीं के प्रमाण पत्र एवं सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।

## आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया :–

**1.** आवेदन पत्र विज्ञापन के साथ संलग्न प्रारूप में पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र बंद लिफाफे में, जिस पर वह आवेदित पद जिसके लिए आवेदन किया गया हो स्पष्ट रूप से उल्लेखित करते हुए प्रस्तुत करें। आवेदक अपना आवेदन पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा (छ.ग.) के कार्यालय में निर्धारित आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि तक शाम 05.00 बजे तक जमा कर सकते हैं अथवा केवल वे आवेदन पत्र स्वीकार किये जायेंगे जो स्पीड पोस्ट या

पंजीकृत डाक या कोरियर के माध्यम से **दिनांक 05/08/2023** को समय संध्या 5.00 बजे तक प्राप्त हो गये हों। इसके अलावा ई–मेल अथवा अन्य किसी भी माध्यम से प्रेषित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जाएंगे। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **05/08/2023** की संध्या 5.00 बजे के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

**2.** विज्ञापन का विस्तृत अवलोकन कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बेमेतरा के शासकीय वेबसाईट **districts.ecourts.gov.in/bemetara** में किया जा सकता है तथा विज्ञापन में दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप का उपयोग डाउनलोड कर किया जा सकता है।

**3.** आवेदन पत्र में स्वयं का नाम लिखा हुआ एवं नवीनतम स्वप्रमाणित रंगीन पासपोर्ट फोटो चस्पा होना चाहिए तथा पहचान के रूप में आधार कार्ड/वोटर कार्ड/ड्रायविंग लायसेंस/पेनकार्ड आदि की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें। बिना हस्ताक्षर के प्राप्त आवेदन पत्र को निरस्त माना जायेगा।

**4.** आवेदक को चाहिए कि वह विज्ञापन में दिये गये निर्देशों तथा आवेदन पत्र में वांछित सभी जानकारी अत्यंत सावधानीपूर्वक सही एवं पूर्ण रूप भरें। यदि आवेदन पत्र में त्रुटि या अपूर्णता पायी जाती है तो त्रुटि एवं अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना कोई सूचना दिये चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा। पदों हेतु निर्धारित योग्यता विज्ञापन प्रकाशन तिथि तक पूर्ण होनी चाहिए।

**5.** आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, निवास आदि से संबंधित आवश्यक प्रमाण पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है।

**6.** ऐसे अभ्यर्थी जो एक से अधिक पद हेतु आवेदन करना चाहते हैं उन्हें पृथक–पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा। स्वयं का पता लिखा 01 लिफाफा जिसमें 5.00 रूपये का डाक टिकट लगा हुआ हो, संलग्न करना आवश्यक होगा।

**नियुक्ति हेतु चयन विधि :–**

**अ– ऑफिस असिस्टेंट/क्लर्क के पद हेतु कौशल परीक्षा :–**

मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से **(कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से )** हिन्दी एवं अंग्रेजी मुद्रलेखन गति 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी) का प्रमाण पत्र।

**ब– रिसेप्शनिस्ट–कम–डाटा एंट्री आपरेटर के पद हेतु कौशल परीक्षा :–**

मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से (कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से ) हिन्दी एवं अंग्रेजी मुद्रलेखन गति 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी) का प्रमाण पत्र।

(3) **ऑफिस प्यून/चपरासी पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–**

किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा संस्था से कक्षा पांचवी उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र । (आठवीं कक्षा से उच्च योग्यताधारी अभ्यर्थियों को पात्रता नहीं होगी)

**टीप– अभ्यर्थी आवेदन करते समय शपथ पत्र प्रस्तुत करेंगे कि उनकी योग्यता कक्षा आठवीं से अधिक नहीं है तथा यदि जांच में यह पाया जाता है कि उसने झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत किया है तो उसकी पात्रता बिना सूचना दिये समाप्त की जा सकेगी एवं झूठा शपथ पत्र पेश करने का आपराधिक प्रकरण संस्थित किया जा सकेगा ।**

**नोटः–** मूल दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत चयन समिति द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप शारीरिक एवं मानसिक क्षमता के आधार पर चयन हेतु मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी और उक्त चयन सूची के अनुमोदन उपरांत कार्यालय–जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा छ.ग. के द्वारा नियुक्ति आदेश जारी किया जाएगा।

**चयन एवं प्रतीक्षा सूची :–**

कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर पद संख्या के दो गुना का मेरिट सूची तैयार किया जायेगा। जिसमें से अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थिंयों की चयन सूची के अलावा शेष प्रतिक्षा सूची होगी। चयन समिति द्वारा तैयार चयन एवं प्रतिक्षा सूची माननीय छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा अनुमोदन उपरांत कार्यालय–जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा छ.ग. के द्वारा नियुक्ति आदेश जारी किया जाएगा। प्रतिक्षा सूची परिणाम घोषित होने की तिथि से 01 वर्ष तक प्रभावशील होगी।

**महत्वपूर्ण निर्देश :–**

1) चयनित उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करते समय समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
2) लिखित परीक्षा, कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को स्वयं के व्यय पर परीक्षा तिथि को निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित रहना होगा, उन्हें किसी भी प्रकार का यात्रा व्यय देय नहीं होगा। अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में परीक्षा आगामी तिथि निर्धारित कर एक से अधिक पाली में ली जा सकेगी।
3) प्रतियोगी परीक्षा से सबंधित अभिलेख अंतिम चयन परिणाम के 06 माह के पश्चात् विनिष्टीकरण किये जाने योग्य होंगे तथा उक्त अवधि के पश्चात् सूचना के अधिकार के अधिनियम के अंतर्गत चयन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपि/निरीक्षण के लिए आवेदन मान्य नहीं होगा।
4) कोई सारवान जानकारी छुपाये जाने पर नियुक्ति के पश्चात भी सेवा तत्काल समाप्त की जा सकेगी।

**स्थान :– बेमेतरा**

**दिनांकः– 26/07/2023**

**सही/–**
**अध्यक्ष,**
**चयन समिति,**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,**
**जिला न्यायालय बेमेतरा,(छ.ग.)**

## आवेदन पत्र का प्रारूप

## ऑफिस असिस्टेंट/रिसेप्सनिस्ट कम–डाटा एंट्री आपरेटर/ऑफिस प्यून/चपरासी के पद पर नियुक्ति हेतु

प्रति,

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
बेमेतरा (छत्तीसगढ़)

1. आवेदित पद का नाम : ....................................................
2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) : ....................................................
   (अंग्रेजी के ब्लाक लेटर्स में) :………………………………………
3. लिंग पुरूष संकेतक-1 महिला संकेतक-2 :………………………………………
4. पिता/पति का नाम :……………………………………..
5. (अ) पत्र व्यवहार का वर्तमान पता : ....................................................
   (हिन्दी में) : ....................................................
   : ....................................................
   (ब) स्थाई पता : ....................................................
   : ....................................................
   : ....................................................
6. (अ) जन्मतिथि (अंको मे)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |

(शब्दों में) : ....................................................

(ब) दिनांक 01/01/2023 को आयु : .............. वर्ष .......... माह ..............दिन

7. आवेदक का मोबाईल नंबर :....................................................
8. क्या आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी है ? हा/नहीं
   (यदि हां, तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की सत्यापति छायाप्रति संलग्न करें)
9. शैक्षणिक योग्यता :-

| क्रं. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | शाला /महाविद्यालय का नाम | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्रतिशत /ग्रेड |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |

12. स्वप्रमाणित संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :-

टीप:- प्रमाण पत्र नीचे दिये गये अनुक्रम में संलग्न करें ।

**प्रमाण पत्र का नाम**

1. 8 वीं की अंकसूची प्रमाण पत्र
2. 10 वीं की अंकसूची प्रमाण पत्र ..........................................
3. 12वीं की अंकसूची प्रमाण पत्र ..........................................
4. स्नातक की अंकसूची प्रमाण पत्र ..........................................
5. अनुभव/योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र ..........................................
6. छ.ग. का मूल निवास प्रमाण पत्र ..........................................
7. अन्य -

**घोषणा**

**मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस प्रपत्र में दिये गये समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये झूठे पाये जाते हैं, तो मेरी उम्मीदवारी / नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी ।**

दिनांक :
स्थान :

आवेदक का हस्ताक्षर-

नाम एवं पूरा पता-

मोबाइल नं.-

ई-मेल-

(मोबाईल नंबर एवं ई-मेल अनिवार्य रूप से भरें)

——00——